भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4005
उत्तर देने की तारीख 12 अगस्त, 2026

बीएसएनएल कर्मचारियों/पेंशनभोगियों के लिए तीसरे वेतन संशोधन का कार्यान्वयन

4005. **श्री कुलदीप इंदौरा:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या बीएसएनएल कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए तीसरा वेतन संशोधन 01.01.2017 से लंबित है, जिससे लाखों कर्मचारी और पेंशनभोगी प्रभावित हो रहे हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) मार्च 2025 में गठित वेतन संशोधन समिति द्वारा 08.10.2025 को सौंपी गई रिपोर्ट की मुख्य सिफारिशें क्या हैं और उस पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है;
(ग) क्या सरकार ने तीसरे वेतन संशोधन को लागू न करने से कर्मचारियों के मनोबल, बीएसएनएल की परिचालन दक्षता और सेवा की गुणवत्ता पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार की 01.01.2017 से तीसरा वेतन संशोधन लागू करने और कर्मचारियों तथा पेंशनभोगियों के बकाया भुगतान के लिए क्या कार्य-योजना है और इसकी समय-सीमा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (घ) दिनांक 03.08.2017 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, संशोधित पे-स्केल इस शर्त के अधीन लागू किए जाएंगे कि बोर्ड स्तर के कार्यकारी, बोर्ड स्तर से नीचे के कार्यकारी और गैर-संघीकृत पर्यवेक्षकों के लिए जिस वर्ष में संशोधित पे-पैकेज को लागू किया जाएगा, उसमें अतिरिक्त वित्तीय प्रभाव कार्यान्वयन

के पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत कर पूर्व लाभ (पीबीटी) के 20% से अधिक नहीं होना चाहिए । बीएसएनएल में तीसरा वेतन संशोधन लागू नहीं किया गया है, क्योंकि यह डीपीई दिशानिर्देशों के वहनीयता खंडों के तहत मानदंडों को पूरा नहीं करता है।

वेतन संशोधन समिति की रिपोर्ट में निहित सिफारिशों पर मौजूदा नीतिगत फ्रेमवर्क, लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी, लागू दिशा-निर्देशों और अतिरिक्त वित्तीय निहितार्थों के अनुसार कार्रवाई की जाती है।

*****